# छत्तीसगढ़ पी.सी.एस.
# प्रारंभिक परीक्षा-2018
# सामान्य अध्ययन-I (मॉडल पेपर-5)

**समय: 2 घंटे** **अधिकतम अंक: 200**

1. केंद्र-राज्य संबंधों को सुधारने एवं राज्यों की स्वायत्तता संबंधी मांगों के संदर्भ में सरकारिया आयोग द्वारा दी गई प्रमुख सिफारिशों में क्या सही है?
   (i) राष्ट्रपति के विचारार्थ रखे गए विधेयक पर असहमति की स्थिति पर स्पष्ट कारण राज्य सरकार को बताया जाना चाहिये।
   (ii) अनुच्छेद-263 के तहत एक स्थायी अंतर्राज्यीय परिषद हो जिसे अंतर-सरकारी परिषद कहा जाना चाहिये।
   (iii) अनुच्छेद-155 में संशोधन कर व्यवस्था की जानी चाहिये कि राज्यपाल की नियुक्ति से पहले संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री से विचार-विमर्श किया जाए।
   (iv) अखिल भारतीय सेवाएँ राष्ट्रीय एकीकरण में अत्यंत सहायक हैं। इस व्यवस्था को मज़बूत कर और ऐसी ही बहुत सेवाओं का सृजन किया जाना चाहिये।
   (v) राज्यपाल की पदावधि (5 वर्ष) समाप्ति से पहले असाधारण परिस्थितियों में ही हटाया जाना चाहिये।

   कूटः
   (a) (i) (ii) (iii)
   (b) (ii) (iii) (iv)
   (c) (iii) (iv) (v)
   (d) (v) (iv) (i)
   (e) उपर्युक्त में से सभी।

2. भारतीय संविधान की प्रस्तावना को संविधान का 'परिचय पत्र' निम्नलिखित में से किसने कहा है?
   (a) पं. जवाहरलाल नेहरू
   (b) एन.ए. पालकीवाला
   (c) बी.आर. अंबेडकर
   (d) सरदार वल्लभभाई पटेल
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

3. अनुच्छेद-352 के तहत राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान मूल अधिकार के किन अनुच्छेदों को छोड़कर शेष मूल अधिकार निलंबित किये जा सकते हैं?
   (a) अनुच्छेद-20 व 21 (b) अनुच्छेद-14 व 18
   (c) अनुच्छेद-19 व 22 (d) अनुच्छेद-23 व 24
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

4. 'कार्यपालिका' से 'न्यायपालिका' के पृथक्करण का प्रावधान निम्नलिखित में से किसमें निहित है?
   (a) राज्य के नीति निदेशक तत्व
   (b) मूल कर्त्तव्य
   (c) प्रस्तावना
   (d) अनुसूची
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

5. यदि राष्ट्रपति को किसी मामले में ऐसा प्रतीत हो कि विधि के निर्माण की तत्काल आवश्यकता है तब उस स्थिति में राष्ट्रपति किस अनुच्छेद के तहत अध्यादेश जारी कर सकता है?
   (a) अनुच्छेद-122 (b) अनुच्छेद-123
   (c) अनुच्छेद-124 (d) अनुच्छेद-125
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

6. राज्य के राज्यपाल की विवेकाधीन शक्तियों से संबंधित निम्नलिखित में से सही क्या है?
   (i) राज्यपाल द्वारा किसी विधेयक को राष्ट्रपति के विचारार्थ आरक्षित करना
   (ii) राज्य के विधानमंडल एवं प्रशासनिक मामलों में मुख्यमंत्री से जानकारी मांगना
   (iii) संवैधानिक विफलता के आधार पर राज्य में राष्ट्रपति शासन की सिफारिश करना
   (iv) मंत्रिपरिषद के अल्पमत में आने पर राज्य विधानसभा को विघटित करना
   (v) विधानसभा चुनाव के पश्चात् जब कोई दल पूर्ण बहुमत नहीं प्राप्त कर पाता है तो ऐसी स्थिति में अपेक्षित बहुमत प्राप्त दल के नेता का चयन करना

   कूटः
   (a) (i) (ii) (iii)
   (b) (ii) (iii) (iv)
   (c) (iii) (iv) (v)
   (d) (iv) (v) (i)
   (e) उपर्युक्त में से सभी।

7. निम्नलिखित में से किसे नागरिकता संबंधी कानून बनाने का अधिकार प्राप्त है?
   (a) राज्यपाल (b) राष्ट्रपति
   (c) संसद (d) राज्य विधानमंडल
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

8. किस संविधान संशोधन के तहत 'संपत्ति के अधिकार' को मूल अधिकार की श्रेणी से हटाकर अनुच्छेद-300A के तहत एक विधिक या कानूनी अधिकार के रूप में सम्मिलित किया गया है?
   (a) 42वाँ संविधान संशोधन
   (b) 43वाँ संविधान संशोधन
   (c) 44वाँ संविधान संशोधन
   (d) 45वाँ संविधान संशोधन
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

9. चज दोआब किन दो नदियों के मध्य स्थित है?
(a) रावी-चेनाब (b) व्यास-सतलुज
(c) व्यास-रावी (d) चेनाब-झेलम
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

10. पखुई वन्य जीव अभ्यारण्य स्थित है।
(a) मेघालय (b) त्रिपुरा
(c) मध्य प्रदेश (d) मणिपुर
(e) अरुणाचल प्रदेश

11. भारत में अखबारी कागज़ की पहली मिल कहाँ स्थापित की गई?
(a) मध्य प्रदेश (b) त्रिपुरा
(c) पं. बंगाल (d) आंध्र प्रदेश
(e) इनमें से कोई नहीं।

12. भारत का सबसे लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग कौन-सा है?
(a) NH7 (b) NH40
(c) NH37 (d) NH6
(e) NH44

13. एन्नोर बंदरगाह का नाम क्या है?
(a) वी.ओ. चिंदबरनार पोर्ट ट्रस्ट
(b) दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट
(c) कामारजार पोर्ट लिमिटेड
(d) जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट
(e) इनमें से कोई नहीं।

14. बिरहोर जनजाति का संबंध है-
(a) गुजरात से (b) गोवा से
(c) झारखंड से (d) राजस्थान से
(e) उत्तराखंड से

15. 'ज्योग्राफिका' किसकी रचना है?
(a) आर्यभट्ट (b) स्ट्रैबो
(c) टॉलमी (d) न्यूटन
(e) इनमें से कोई नहीं।

16. सूर्य की इर्द-गिर्द एक परिक्रमण के लिये निम्न में से कौन-सा एक ग्रह अधिकतम समय लेता है?
(a) पृथ्वी (b) शुक्र
(c) बृहस्पति (d) मंगल
(e) बुध

17. वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा स्थित है।
(a) बंगलुरु (b) कोझीकोड
(c) अहमदाबाद (d) हैदराबाद
(e) पोर्ट ब्लेयर

18. भारत में कुल जीएसटी संग्रह के आधार पर राज्यवार हिस्सेदारी सर्वाधिक किस राज्य की है?
(a) गुजरात (b) तमिलनाडु
(c) महाराष्ट्र (d) उत्तर प्रदेश
(e) कर्नाटक

19. बैंकों में धोखाधड़ी रोकने के उद्देश्य से निम्नलिखित में से किस समिति का गठन किया गया था?
(a) डी. सुब्बाराव समिति (b) एस.एस. तारापोर समिति
(c) ए. घोस समिति (d) एम.वी. नायर समिति
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

20. 'वैश्विक नवाचार सूचकांक' निम्नलिखित में से किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन द्वारा जारी किया जाता है?
(a) विश्व बौद्धिक संपदा संगठन
(b) विश्व व्यापार संगठन
(c) संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन
(d) अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

21. निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य 'तीव्र, सतत्, अधिक समावेशी और धारणीय विकास' करना था?
(a) नौवीं पंचवर्षीय योजना
(b) दसवीं पंचवर्षीय योजना
(c) ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना
(d) बारहवीं पंचवर्षीय योजना
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

22. 'लॉरेंस वक्र विधि' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
(a) देश के लोगों के बीच आय विषमता ज्ञात करने से
(b) देश में धनी एवं निर्धन के बीच सामाजिक विषमता ज्ञात करने से
(c) देश में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के बीच रोज़गार से संबंधित विषमता ज्ञात करने से
(d) देश में संस्थाओं एवं लोगों के बीच आर्थिक विषमता ज्ञात करने से
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

23. 'दलाल स्ट्रीट' कहाँ स्थित है?
(a) दिल्ली (b) मुंबई
(c) कोलकाता (d) लंदन
(e) इनमें से कोई नहीं।

24. भारतीय रुपए का तीसरी बार अवमूल्यन कब किया गया था?
   (a) अगस्त 1960 में (b) सितंबर 1949 में
   (c) जून 1966 में (d) जुलाई 1991 में
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

25. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये-

| **सूची-I (क्रांति)** | **सूची-II (संबंधित क्षेत्र/उत्पादन)** |
|---|---|
| A. कृष्ण क्रांति | 1. सभी क्षेत्रों के उत्पादन में वृद्धि करने से |
| B. गोल क्रांति | 2. इलेक्ट्रॉनिक उद्योग के विकास हेतु |
| C. सूर्योदय क्रांति | 3. आलू उत्पादन |
| D. इंद्रधनुषीय क्रांति | 4. पेट्रोलियम उत्पादन |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

26. 'प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना' हेतु प्रति सदस्य प्रति वर्ष प्रीमियम की राशि कितनी निर्धारित की गई है?
   (a) ₹ 500 (b) ₹ 1000
   (c) ₹ 568 (d) ₹ 330
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

27. अनीश्वरवाद सिद्धांत है-
   (a) सांख्य का (b) वेदांत का
   (c) बौद्ध दर्शन का (d) जैन दर्शन का
   (e) इनमें से कोई नहीं।

28. भीमबेटका किसके लिये प्रसिद्ध है?
   (a) गुफाओं के लिये शैलचित्र
   (b) खनिज
   (c) बौद्ध प्रतिमाएँ
   (d) सोन नदी का उपागम स्थल
   (e) इनमें से कोई नहीं।

29. भारतीय कला एवं पुरातात्त्विक इतिहास के संदर्भ में निम्नलिखित में से किसका सबसे पहले निर्माण किया गया?
   (a) भुवनेश्वर स्थित लिंगराज मंदिर
   (b) धौली स्थित शैलकृत हाथी
   (c) महाबलीपुरम् स्थित शैलकृत स्मारक
   (d) उदयगिरि स्थित वराह मूर्ति
   (e) इनमें से कोई नहीं।

30. अपनी शक्ति को समेकित करने के बाद बलबन ने भव्य उपाधि धारण की-
   (a) तूतिए-हिंद (b) कैसरे-हिंद
   (c) जिल्ले-इलाही (d) दीने-इलाही
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

31. अष्टप्रधान नाम की मंत्रिपरिषद थी-
   (a) गुप्त प्रशासन में (b) चोल प्रशासन में
   (c) विजयनगर प्रशासन में (d) मराठा प्रशासन में
   (e) इनमें से कोई नहीं।

32. निम्नलिखित में से कौन सी जोड़ी (मुगलकालीन साहित्य एवं लेखक) सुमेलित **नहीं** है?
   (a) तुजुक-ए-बाबरी - बाबर
   (b) हुमायूँनामा - गुलबदन बेगम
   (c) तारीख-ए-रशीदी - मिर्जा हैदर दुगलत
   (d) अकबरनामा - अबुल फजल
   (e) पादशाहनामा - इनायत खाँ

33. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सुमेलित **नहीं** हैं?
   (a) राजा राममोहन राय - ब्रह्म समाज
   (b) स्वामी दयानंद सरस्वती - आर्य समाज
   (c) स्वामी विवेकानंद - रामकृष्ण मिशन
   (d) महादेव गोविंद रानाडे - थियोसोफिकल सोसाइटी
   (e) आत्माराम पाडुरंग - प्रार्थना समाज

34. पूना पैक्ट संबंधित था-
   (a) दलित वर्ग से (b) हिंदू-मुस्लिम एकता से
   (c) संवैधानिक सुधार से (d) शैक्षिक सुधार से
   (e) जेल सुधार से

35. निम्नांकित में कौन सुमेलित **नहीं** है?
   (a) 1885 – भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस की स्थापना
   (b) 1905 – बंगाल विभाजन
   (c) 1909 – मॉर्ले-मिंटो सुधार
   (d) 1930 – असहयोग आंदोलन
   (e) 1942 – क्रिप्स प्रस्ताव

36. मॉण्टेग्यू-चेम्सफोर्ड प्रस्ताव किससे संबंधित था?
   (a) सामाजिक सुधार
   (b) शैक्षिक सुधार
   (c) पुलिस प्रशासन सुधार
   (d) सांविधानिक सुधार
   (e) इनमें से कोई नहीं।

37. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये-

| सूची-I (नारा) | सूची-II (व्यक्ति) |
|---|---|
| A. इन्कलाब ज़िंदाबाद | 1. भगत सिंह |
| B. मारो फिरंगी को | 2. मंगल पांडेय |
| C. वंदेमातरम् | 3. बंकिम चंद्र चटर्जी |
| D. करो या मरो | 4. महात्मा गांधी |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

38. भारत में अंग्रेज़ों के समय में प्रथम जनगणना हुई-
(a) लॉर्ड डफरिन के कार्यकाल में
(b) लॉर्ड लिटन के कार्यकाल में
(c) लॉर्ड मेयो के कार्यकाल में
(d) लार्ड रिपन के कार्यकाल में
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

39. 'ईस्ट इंडिया एसोसिएशन' से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. इसकी स्थापना 1866 में दादाभाई नौरोजी ने की थी।
2. इस एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य ब्रिटिश जनता तथा संसद को भारतीय विषयों से अवगत कराना था।
3. 1890 में बंबई में इसकी शाखा स्थापित कराना था।

सही उत्तर चुनिये:
(a) 1 एवं 2 सही हैं (b) 2 एवं 3 सही हैं
(c) केवल 2 सही हैं (d) केवल 3 सही हैं
(e) 1, 2 एवं 3 सही हैं

40. भक्ति आंदोलन से संबंधित संत वल्लभाचार्य किस संप्रदाय से संबंधित थे?
(a) बाउल संप्रदाय
(b) रामवत संप्रदाय
(c) रुद्र संप्रदाय
(d) सनक संप्रदाय
(e) निरंजनी संप्रदाय

41. निम्नलिखित में से कौन सी जोड़ी (जैन धर्म के ज्ञान एवं अर्थ) सुमेलित **नहीं** है?
(a) मति - इंद्रियजनित ज्ञान
(b) श्रुति - श्रवण ज्ञान
(c) अवधि - सर्वोच्च ज्ञान
(d) मन:पर्याय - दूसरे के मन को जान लेने वाला ज्ञान
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

42. भारत की जलवायु परिवर्तन पर प्रथम राष्ट्रीय क्रिया योजना प्रकाशित हुई?
(a) 2008 में (b) 2012 में
(c) 2014 में (d) 2015 में
(e) 2011 में

43. किस देश के वैज्ञानिकों की टीमों ने सर्वप्रथम अंटार्कटिका के ऊपर ओज़ोन छिद्र का पता लगाया?
(a) रूसी टीम ने (b) जर्मन टीम ने
(c) अमेरिकी टीम ने (d) ब्रिटिश टीम ने
(e) इनमें से कोई नहीं।

44. अम्ल वर्षा किनके द्वारा होने वाले पर्यावरण प्रदूषण के कारण होती है?
(a) कार्बन डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन
(b) कार्बन मोनोऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड
(c) ओज़ोन और कार्बन डाइऑक्साइड
(d) नाइट्रस ऑक्साइड और सल्फर डाइऑक्साइड
(e) इनमें से कोई नहीं।

45. 54वाँ 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' (वर्ष 2018) किसे प्रदान किया जाएगा?
(a) कृष्णा सोबती (b) शंखा घोष
(c) अमिताव घोष (d) नासिरा शर्मा
(e) राजीव कुमार

46. किस राज्य के उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा 'शिक्षा सेतु' मोबाइल ऐप शुरू किया गया है?
(a) झारखंड (b) बिहार
(c) हरियाणा (d) उत्तर प्रदेश
(e) महाराष्ट्र

47. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'शाहपुरकंडी बांध' परियोजना को मंजूरी दी है, जो कार्यान्वित होगी-
(a) रावी नदी पर
(b) गंगा नदी पर
(c) कृष्णा नदी पर
(d) कावेरी नदी पर
(e) तमसा नदी पर

48. किस बैंक के द्वारा जन बैंकेबल डेबिट कार्ड जारी किया गया?
   (a) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
   (b) जन स्माल फाइनेंस बैंक
   (c) देना बैंक
   (d) लघु वित्त बैंक
   (e) इनमें से कोई नहीं

49. किस राज्य सरकार ने सौर जल निधि योजना शुरू की है?
   (a) उत्तराखंड (b) हिमाचल प्रदेश
   (c) हरियाणा (d) ओडिशा
   (e) इनमें से कोई नहीं।

50. पुस्तक 'चेंजिंग इंडिया' के लेखक हैं-
   (a) के. हनुमन्या (b) इंद्र कुमार गुजराल
   (c) मनमोहन सिंह (d) यशवंत सिंहा
   (e) इनमें से कोई नहीं।

51. हाल ही में इंडियन प्रीमियम लीग (IPL) की किस एक टीम ने अपने नाम में परिवर्तन की घोषणा की है?
   (a) कोलकाता (b) दिल्ली डेयर डेविल्स
   (c) सनराजर्स हैदराबाद (d) चेन्नई सुपर किंग्स
   (e) रॉयल चैलेंजर बंगलुरु

52. डॉब्सन इकाई का प्रयोग किया जाता है-
   (a) पृथ्वी की मोटाई मापने में
   (b) हीरे की मोटाई मापने में
   (c) ओज़ोन परत की मोटाई मापने में
   (d) शोर के मापन में
   (e) इनमें से कोई नहीं।

53. हाइड्रोजन को जलाने से क्या बनेगा?
   (a) ऑक्सीजन (b) मिट्‌टी
   (c) राख (d) पानी
   (e) इनमें से कोई नहीं।

54. केसर होता है सूखा मिश्रण
   (a) पत्ती और तना का
   (b) पँखुड़ियों व जड़ों का
   (c) फूल के बीज बनाने वाले भागों का
   (d) बीज व कलिका
   (e) इनमें से कोई नही

55. मनुष्य के शरीर में खून के शुद्धीकरण की प्रक्रिया को कहते हैं-
   (a) डायलिसिस (b) हिमोलेसिस
   (c) ओसमोसिस (d) पैरालेसिस
   (e) इनमें से कोई नहीं।

56. चमगादड़ अँधेरी रातों में उड़ सकते है। और अपना शिकार भी कर सकते है। इसका कारण है:
   (a) उनकी आँखों के तारे बड़े होते हैं।
   (b) उनकी रात्रि दृष्टि बहुत अच्छी होती है।
   (c) प्रत्येक चिड़िया ऐसा कर सकती है।
   (d) वे पराध्वनि तरंग निकालते और उन्हीं के द्वारा निर्देशित होते हैं।
   (e) इनमें से कोई नहीं।

57. छत्तीसगढ़ में आधुनिक काल में सती होने वाली पहली महिला थी-
   (a) आनंदीबाई (b) उमाबाई
   (c) रमा बाई (d) सोनकुँवर
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

58. 1942 के रायपुर षड्यंत्र केस के नायक थे-
   (a) बिलख नारायण अग्रवाल
   (b) रामनारायण हर्षुल
   (c) वासुदेव देवराम
   (d) नरसिंह प्रसाद अग्रवाल
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

59. सन् 1000 ई. में कल्चुरी राजवंश के कलिंगराज ने अपनी राजधानी कहाँ बनाई थी?
   (a) रतनपुर (b) जाँजगीर
   (c) राजिम (d) तुम्माण
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

60. परलकोट विद्रोह के समय ब्रिटिश अधीक्षक था
   (a) कैप्टन एडमंड (b) कैप्टन एगन्यू
   (c) चार्ल्स इलियट (d) मिस्टर सेंडीस
   (e) मिस्टर क्राफर्ड

61. भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान छत्तीसगढ़ के दुर्ग नगर में लेटर बॉक्स उखाड़ने एवं ज़िला कचहरी में आग लगाने वाला क्रांतिकारी निम्नलिखित में से कौन था?
   (a) वी.वाई. तामस्कर (b) नरसिंह प्रसाद
   (c) अयोध्या प्रसाद (d) रघुनंदन सिंगरौल
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

62. छत्तीसगढ़ में कंडेल नहर सत्याग्रह का संबंध निम्न में से किस राष्ट्रीय आंदोलन से था?
   (a) असहयोग आंदोलन
   (b) सविनय अवज्ञा आंदोलन
   (c) भारत छोड़ो आंदोलन
   (d) होमरूल आंदोलन
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

63. निम्नलिखित में से कौन छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला शासिका थी-
   (a) रानी सुकुँवर देवी
   (b) रानी चोरिस
   (c) कमला कुमारी देवी
   (d) प्रफुल्ल कुमारी देवी
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

64. बिलासपुर में भारत छोड़ो आंदोलन के नेता थे-
   1. ठाकुर छेदीलाल
   2. जयनारायण पांडे
   3. यदुनंदन प्रसाद श्रीवास्तव
   4. राजकिशोर शर्मा

   कूट:
   (a) केवल 1, 2 एवं 3 (b) केवल 2, 3 एवं 4
   (c) केवल 1, 3 एवं 4 (d) केवल 1, 2 एवं 4
   (e) 1, 2, 3 एवं 4

65. निम्नलिखित में से कौन-सा नृत्य छत्तीसगढ़ का लोकनृत्य नहीं है?
   (a) सुआ (b) पंथी
   (c) करमा (d) राई
   (e) इनमें से कोई नहीं

66. निम्नलिखित में से किस नृत्य में केवल पुरुष भाग लेते हैं?
   (a) सुआ (b) करमा
   (c) राउत नाचा (d) सैला
   (e) इनमें से कोई नहीं

67. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी (उत्सव एवं स्थान) सुमेलित है?
   (a) रामगढ़ उत्सव - रायगढ़
   (b) भोरमदेव उत्सव - राजनांदगाँव
   (c) सिरपुर महोत्सव - महासमुंद
   (d) मड़ई उत्सव - बिलासुपर
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं

68. प्रसिद्ध डंडारी नृत्य किस अवसर पर किया जाता है?
   (a) होली (b) दशहरा
   (c) रामनवमी (d) दीवाली
   (e) इनमें से कोई नहीं

69. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी (छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कलाकार एवं वाद्ययंत्र) सुमेलित है?
   (a) पंडित कार्तिकराम - वायलिन
   (b) बुद्धात्यि मुखर्जी - तबला
   (c) पंडित पचकौड़ पांडेय - सितार
   (d) मंजुला दास गुप्ता - गज़ल
   (e) संतोष टॉक - बाँसुरी

70. बस्तर संभाग में उत्पादित फसल कुल्थी है-
   (a) धान की एक प्रजाति (b) एक प्रकार की भाजी
   (c) दाल का एक प्रकार (d) जंगल फल
   (e) इनमें से कोई नहीं।

71. छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम का गठन कब किया गया था?
   (a) जून 2001 (b) मई 2001
   (c) जनवरी 2001 (d) फरवरी 2001
   (e) इनमें से कोई नहीं।

72. छत्तीसगढ़ राज्य में लौह अयस्क की प्राप्ति मुख्यत: किस शैल समूह से होती है?
   (a) धारवाड़ शैल समूह (b) कड़प्पा शैल समूह
   (c) गोंडवाना शैल समूह (d) आर्कियन शैल समूह
   (e) इनमें से कोई नहीं।

73. कुरकुट और कोइराज निम्नलिखित में से किसकी सहायक नदियाँ हैं?
   (a) पैरी नदी (b) हसदो नदी
   (c) मांड नदी (d) शिवनाथ नदी
   (e) लीलागर नदी

74. छत्तीसगढ़ के किस अभयारण्य में भारत का सबसे बड़ा मेंढक रानाटिग्रीना पाया जाता है?
   (a) उदंती- सीतानदी (b) बादलखोल
   (c) अचानकमार (d) गोमरदा
   (e) इनमें से कोई नहीं।

75. शंखिनी नदी का उद्‌गम निम्नलिखित में से कहाँ से हुआ है?
   (a) डांगरी-डोंगरी से
   (b) बैलाडीला पहाड़ी से
   (c) बघोना चोटी से
   (d) मतिरिंगा पहाड़ी से
   (e) इनमें से कोई नहीं

76. खुड़िया/मनियारी परियोजना को किस अन्य नाम से जाना जाता है?
   (a) रविशंकर परियोजना
   (b) संजय गांधी परियोजना
   (c) राजीव गांधी परियोजना
   (d) दिलीप सिंह जूदेव परियोजना
   (e) इनमें से कोई नहीं।

77. राजनांदगाँव के किस स्थान पर प्लास्टिक पार्क प्रस्तावित है?
   (a) खैरागढ़ (b) छुईखदान
   (c) खैरझिटी (d) जोरातराई
   (e) इनमें से कोई नहीं।

78. छत्तीसगढ़ में किसान शॉपिंग मॉल की स्थापना कहाँ की गई है?
   (a) दुर्ग (b) राजनांदगाँव
   (c) कबीरधाम (d) बिलासपुर
   (e) इनमें से कोई नहीं।

79. आर्थिक सर्वेक्षण 2017-18 के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में वर्तमान समय तक कुल कितने परिवारों को राशन कार्ड जारी किये गए हैं?
   (a) 57 लाख 75 हज़ार
   (b) 55 लाख 25 हज़ार
   (c) 55 लाख 50 हज़ार
   (d) 52 लाख 52 हज़ार
   (e) इनमें से कोई नहीं।

80. छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (CSIDC) द्वारा इलेक्ट्रॉनिक मेन्यूफेक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना कहाँ की गई है?
   (a) नया रायपुर (b) दुर्ग
   (c) बिलासपुर (d) रायगढ़
   (e) इनमें से कोई नहीं।

81. छत्तीसगढ़ राज्य शासन के अधीन नवंबर 2017 तक कुल स्थापित ऊर्जा क्षमता कितनी है?
   (a) 3838.50 मेगावाट (b) 3636.10 मेगावाट
   (c) 3424.70 मेगावाट (d) 2424.70 मेगावाट
   (e) इनमें से कोई नहीं।

82. छत्तीसगढ़ राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2017-18 में वृद्धि दर क्रमश: थी–
   (a) 5.54 प्रतिशत, 8.46 प्रतिशत
   (b) 5.84 प्रतिशत, 9.46 प्रतिशत
   (c) 6.2 प्रतिशत, 9.46 प्रतिशत
   (d) 6.54 प्रतिशत, 9.45 प्रतिशत
   (e) इनमें से कोई नहीं।

83. छत्तीसगढ़ का नया मुख्य सचिव किसे नियुक्त किया गया है?
   (a) अजय सिंह
   (b) सुनील कुमार कुजूर
   (c) गौरव द्विवेदी
   (d) प्रदीप शर्मा
   (e) इनमें से कोई नहीं।

84. छत्तीसगढ़ में चक्रधर समारोह का इस साल (2018 में) कौन-सा संस्करण था?
   (a) 30वाँ (b) 31वाँ
   (c) 32वाँ (d) 33वाँ
   (e) 34वाँ

85. गोवा एशियन फिल्म फेस्टिवल 2018 में बेस्ट स्क्रीन प्ले का पुरस्कार छत्तीसगढ़ के किस लघु फिल्म को मिला?
   (a) सेव
   (b) लाइफ ऑफ छत्तीसगढ़
   (c) क्वीन
   (d) लाइफ ऑफ लिविंग
   (e) इनमें से कोई नहीं।

86. मिस छत्तीसगढ़ (2018) का खिताब किसने जीता?
   (a) फातिमा खान (b) रुबीना खान
   (c) अंजली तिवारी (d) रागिनी खान
   (e) इनमें से कोई नहीं।

87. छत्तीसगढ़ में धान की पहली किस्म का नाम क्या है जिसे जीआई टैग मिला है?
   (a) चना फूल (b) छिलका फूल
   (c) जीरा फूल (d) गेंदा फूल
   (e) इनमें से कोई नहीं।

88. छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव-2018 के पहले चरण में कितने सीटों पर वोट डाले गए थे?
   (a) 72 (b) 30
   (c) 18 (d) 28
   (e) इनमें से कोई नहीं।

89. छत्तीसगढ़ में महिला पुलिस स्वयं सेविका योजना 'चेतना' के लिये पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुने गए ज़िले हैं–
   (a) रायपुर एवं बिलासपुर
   (b) दुर्ग एवं कोरिया
   (c) सरगुजा एवं सूरजपुर
   (d) धमतरी एवं राजनांदगाँव
   (e) इनमें से कोई नहीं।

90. छत्तीसगढ़ में घोषित 'संवेदना एक्सप्रेस' क्या है?
   (a) सड़क दुर्घनाओं में घायल पशुओं के त्वरित इलाज हेतु चिकित्सा सेवा
   (b) राज्य के अनाथ बच्चों के लिये अनाथालय
   (c) राज्य के आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को मासिक रूप से दिया जाने वाला भत्ता
   (d) विधवा महिलाओं की सहायता हेतु स्थापित केंद्र
   (e) इनमें से कोई नहीं।

91. भारतमाला परियोजना के तहत छत्तीसगढ़ में कितने किमी. की सड़क बनाई जाएगी?
(a) 1050 किमी.
(b) 880 किमी.
(c) 950 किमी.
(d) 730 किमी.
(e) इनमें से कोई नहीं।

92. मध्य भारत का पहला फॉल्स सिलिंग एवं ड्रायवॉल स्किल ट्रेनिंग सेंटर छत्तीसगढ़ के किस स्थान पर खोला गया है?
(a) आरा (जशपुर)
(b) भिलाई (दुर्ग)
(c) सीपत (बिलासपुर)
(d) डोंगरगढ़ (राजनांदगाँव)
(e) इनमें से कोई नहीं।

93. 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के लिये छत्तीसगढ़ के किस ज़िले को 2017 में राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था?
(a) सरगुजा
(b) मुंगेली
(c) धमतरी
(d) रायगढ़
(e) इनमें से कोई नहीं।

94. नवगठित छत्तीसगढ़ सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में धान को किस दर पर खरीदने का निर्णय लिया है?
(a) ₹ 2000 प्रति क्विंटल
(b) ₹ 2200 प्रति क्विंटल
(c) ₹ 3000 प्रति क्विंटल
(d) ₹ 2500 प्रति क्विंटल
(e) इनमें से कोई नहीं।

95. वर्तमान में छत्तीसगढ़ नगरीय प्रशासन एवं श्रम मंत्रालय इनमें से किसके पास है?
(a) कवासी लकमा
(b) टीएस सिंहदेव
(c) शिवकुमार डहरिया
(d) अनिला भेड़िया
(e) इनमें से कोई नहीं।

96. ग्राम पंचायत निम्नलिखित में से किसके प्रति उत्तरदायी होता है?
(a) ग्राम सभा
(b) जनपद पंचायत
(c) ज़िला पंचायत
(d) ज़िला कलेक्टर
(e) इनमें से कोई नहीं।

97. छ.ग. पंचायत राज अधिनियम के अनुसार अनुसूचित क्षेत्र में ग्रामसभा की अध्यक्षता कौन करता है?
(a) सरपंच
(b) उपसरपंच
(c) ग्रामसभा द्वारा चयनित अनुसूचित जनजाति का कोई सदस्य
(d) पंचायत सचिव
(e) इनमें से कोई नहीं।

98. निम्नलिखित में से किस ज़िले में नगर निगम नहीं है?
(a) कोरबा
(b) सरगुजा
(c) कबीरधाम
(d) बस्तर
(e) रायगढ़

99. छत्तीसगढ़ की पहली किन्नर महापौर किस नगर निगम में चुनी गई थी?
(a) रायगढ़ नगर निगम
(b) बिलासपुर नगर निगम
(c) राजनांदगाँव नगर निगम
(d) कोरबा नगर निगम
(e) इनमें से कोई नहीं।

100. निम्ननिखित में से कौन-सी जोड़ी (मत्स्य पालन केंद्र एवं स्थल) सुमेलित **नहीं** है?
(a) देमार - कांकेर
(b) कुलीपोटा - जांजगीर-चांपा
(c) खूंटाघाट - बिलासपुर
(d) झुमका - सरगुजा
(e) इनमें से कोई नहीं।

## छत्तीसगढ़ पी.सी.एस. (प्रारंभिक परीक्षा), 2018
## (मॉडल पेपर-5) उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (e) | 35. | (d) | 69. | (e) |
| 2. | (b) | 36. | (d) | 70. | (c) |
| 3. | (a) | 37. | (a) | 71. | (b) |
| 4. | (a) | 38. | (c) | 72. | (a) |
| 5. | (b) | 39. | (a) | 73. | (c) |
| 6. | (e) | 40. | (c) | 74. | (a) |
| 7. | (c) | 41. | (c) | 75. | (b) |
| 8. | (c) | 42. | (a) | 76. | (c) |
| 9. | (d) | 43. | (d) | 77. | (c) |
| 10. | (e) | 44. | (d) | 78. | (b) |
| 11. | (a) | 45. | (c) | 79. | (a) |
| 12. | (e) | 46. | (c) | 80. | (a) |
| 13. | (c) | 47. | (a) | 81. | (c) |
| 14. | (c) | 48. | (b) | 82. | (b) |
| 15. | (b) | 49. | (d) | 83. | (b) |
| 16. | (c) | 50. | (c) | 84. | (e) |
| 17. | (e) | 51. | (b) | 85. | (a) |
| 18. | (c) | 52. | (c) | 86. | (b) |
| 19. | (c) | 53. | (d) | 87. | (c) |
| 20. | (a) | 54. | (c) | 88. | (c) |
| 21. | (d) | 55. | (a) | 89. | (b) |
| 22. | (a) | 56. | (d) | 90. | (a) |
| 23. | (b) | 57. | (b) | 91. | (c) |
| 24. | (d) | 58. | (e) | 92. | (a) |
| 25. | (d) | 59. | (d) | 93. | (d) |
| 26. | (d) | 60. | (b) | 94. | (d) |
| 27. | (c) | 61. | (d) | 95. | (c) |
| 28. | (a) | 62. | (a) | 96. | (a) |
| 29. | (b) | 63. | (d) | 97. | (c) |
| 30. | (c) | 64. | (c) | 98. | (c) |
| 31. | (d) | 65. | (d) | 99. | (a) |
| 32. | (e) | 66. | (c) | 100. | (a) |
| 33. | (d) | 67. | (c) | | |
| 34. | (a) | 68. | (a) | | |